Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps to control land erosion due to river floods in Ballia Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): अध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी देना चाहता हूं और संसद को भी जानकारी देना चाहता हूं । मैं लोक सभा संसदीय क्षेत्र बलिया से सांसद चुना गया हूं । मैं पहले भदोही से सांसद चुना जाता था । बलिया, लोक सभा क्षेत्र पूरे गंगा, घाघरा और एशिया का सबसे बड़ा झील, सुरहा ताल से पूरा घिरा हुआ है । इस साल बाढ़ के मौसम में, पिछले महीने भारी मात्रा में कटान हुआ है । हमारे लोक सभा क्षेत्र के विधान सभा बैरिया क्षेत्र के गांव के साथ कई अन्य गांव उसमें गिर गए, कई स्कूल और मंदिर उसमें गिर गए । जय प्रकाश नारायण जी का गांव मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है । घाघरा नदी कटान उनके नजदीक तक आया, उत्तर प्रदेश सरकार ने उसे बचाने की कोशिश की । मोहम्मदाबाद विधान सभा का शेरपुर गांव ऐतिहासिक गांव है, देश का बड़ा गांव है, वहां कटान लगा हुआ है । नेशनल हाइवे हमारे क्षेत्र से गुजरता है और नेशनल हाइवे का एक बहुत बड़ा पुल कटहर नाला पर गिर गया है । वहां के जिला प्रशासन के साथ मिल कर मैंने उसके लिए प्रयास किया है । वहां के जिलाधिकारी ने नेशनल हाइवे के चेयरमैन को बताया है कि उस पुल के गिर जाने से पानी का बहाव रुक गया है । भारी मात्रा में सुरहा ताल के पानी के जमाव से किसानों की खेती मारी गई है । बाढ़ और कटान से किसानों को भारी नुकसान हुआ है ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की टीम गई थी । अगर वहां जल्दी स्थायी तौर पर कटान रोकने का प्रयास शुरू हो जाता तो बड़ी कृपा होती । उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी उस डूबे हुए क्षेत्र, कटान को देख चुके हैं । मैं यही निवेदन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री गिरीश चन्द्र जी । मुलायम सिंह जी भी आपकी बात का समर्थन कर रहे हैं ।